Title: Need to take steps to revive the closed N.T.C Mill and a Sugar Mill in Gaya district, Bihar.

श्री राजेश कुमार मांझी (गया) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र गया, बिहार में उद्योग-धंधों का अभाव है और गया में जो उद्योग पहले से ही चल रहे थे, वह भी बंद हो गये। एक, गया शहर में एन.टी.सी. का कॉटन मिल है तथा दूसरा, गया के गुरारू में चीनी मिल है। दोनों काफी दिनों से बंद पड़े हैं। इन मिलों के काफी श्रमिक बेकार हो गये हैं। ऐसे भी गया जिले में बेरोजगारी काफी बढ़ रही है। इसी के वजह से यहां पर नौजवान उग्रवाद का रास्ता अपना रहे हैं, जिससे सरकार को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

मैं इस सदन के माध्यम से सरकार से यह मांग करता हूं कि गया शहर में स्थित बंद पड़े एन.टी.सी. कॉटन मिल एवं गया जिला के गुरारू में बंद पड़े चीनी मिल को शीघ्रातिशीघ्र चालू किया जाये।